(i) **Printed Pages: 3** **Roll No. ..............................**

(ii) **Questions : 6** **Sub. Code : 1 7 5 0 7**

**Exam. Code : 0 0 0 6**

**B.A./B.Sc. (General) 6th Semester**

**(2055)**

**HINDI**

**Paper : Elective**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :– (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न संख्या **2** में (क) और (ख) भाग एक साथ करें।

(3) उत्तर साफ-सुथरे लिखें और अनावश्यक विस्तार से बचें।

1. निम्नांकित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए :—

(1) विश्वविद्यालयी शिक्षा में नैतिक मूल्य

(2) समाज-सुधारक कबीर

(3) मीडिया में हिन्दी की स्थिति

(4) भारतीय संस्कृति और समाज में पर्यावरणीय चेतना

(5) आज का छात्र जीवन : दशा एवं दिशा

(6) छायावाद

(7) हिन्दी साहित्य में प्रकृति-चित्रण

(8) युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति। 20

2. (क) किसी **एक** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(1) साहब बड़ी रुचि से फुलकारी देखने लगे। पुरानी फुलकारी थी। जगह-जगह से उसके तागे टूट रहे थे और कपड़ा फटने लगा था। साहब की रुचि देखकर शामनाथ बोले-यह फटी हुई है साहब, मैं आपको नई बनवा दूँगा। माँ बना देगी। क्यों माँ साहब को फुलकारी बहुत पसंद है, इन्हें एक ऐसी ही फुलकारी बना दोगी न ?

(2) जब प्रोफेसर को दस मिनिट की देर होती है तो उसके विद्यार्थी को दस घण्टे की देरी होती है। जब विद्यार्थी को दस घण्टे की देरी होती है तो समाज को दस महिने की देरी होती है। जब समाज को दस महिने की देरी होती है, तब देश दस वर्ष पीछे चला जाता है। प्रोफेसर की दस मिनिट की देरी देश को दस वर्ष पीछे ले जाती है। 6

(ख) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दें :—

(1) 'आंसुओं की होली' कहानी के आधार पर श्रीबिलास का चारित्रिक महत्व समझाइए।

(2) 'सदाचार का तावीज' व्यंग्य में लेखक हमें क्या संदेश देना चाहता है ? 10

3. निम्नांकित में से किन्हीं **दो** गद्य विधाओं के विकास को समझाइए :—

(1) हिन्दी नाटक का उद्‌भव और विकास

(2) हिन्दी निबंध का उद्‌भव और विकास

(3) हिन्दी रेखाचित्र का उद्‌भव और विकास

(4) हिन्दी आत्मकथा का उद्‌भव और विकास। 12+12=24

4. किन्हीं **तीन** छदों के लक्षण और उदाहरण लिखें :—

दोहा, कुण्डलिया, सवैया, हरिगीतिका, इंद्रवज्रा। 3×5=15

5. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दें :—

(1) देवनागरी लिपि के उद्‌भव और विकास को समझाते हुए उसके नामकरण की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(2) देवनागरी लिपि के गुण-दोषों का मूल्यांकन कीजिए। 10

6. निम्नांकित में से किसी **एक** का प्रारूपण तैयार कीजिए :—

(1) आपके नए गृह-प्रवेश समारोह में सम्मिलित होने के लिए एक निमंत्रण-पत्र तैयार कीजिए।

(2) 'शो रूम बिकाऊ है' विषय पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5